>

Title: Regarding construction of four- lane National Highway from Khagria to Purnia in Bihar.

श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी (कटिहार): महोदय, सबसे पहले मैं आपका धन्यवाद करता हूं । माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में देश में सड़कों का काम बहुत तेजी से हो रहा है । एनएच-31 मेरे क्षेत्र कटिहार, बिहार में है और यह एनएच खगड़िया से पूर्णिया तक है, जिसकी दूरी 135 किलोमीटर की है । इस सड़क में पटना से खगड़िया तक चार लेन का काम हो गया है ।

माननीय सभापति: अच्छा है ।

श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी: खगड़िया से पूर्णिया तक चार लेन बन जाएगा, तो नार्थ-ईस्ट, नेपाल और बिहार का बहुत बड़ा हिस्सा जुड़ जाएगा । मैं आपके माध्यम से माननीय पथ परिवहन मंत्री से निवेदन करना चाहूंगा कि देश में उन्होंने सड़कों का जाल बिछाया है और गुणवत्तापूर्ण सड़कों का निर्माण किया है, इसलिए मैं चाहता हूं कि इस महत्वपूर्ण सड़क का भी निर्माण किया जाए । इससे हम लोग सुगमता से पटना, झारखंड, नार्थ-ईस्ट और नेपाल से जुड़ जाएंगे ।